# झारखंड सरकार ने युवाओं के साथ किया विश्वासघात : तेजस्वी सूर्य



संजय सेठ के समर्थन में आयोजित बाइक रैली में शामिल हुए भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्य ने कहा है कि झारखंड सरकार ने यहां के युवाओं को ठगा है। श्री सूर्या बुधवार को भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में बाइक रैली में शामिल थे। इसका आयोजन रांची महानगर युवा मोर्चा द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा कि अबकी बार चार सौ पार का संकल्प है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने चौतरफा तरक्की की है। उन्होंने झारखंड सरकार पर आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झारखंड की सरकार युवा विरोधी सरकार है। झारखंड की वर्तमान सरकार ने यहां के युवाओं के साथ विश्वास घात किया है। इसके पहले श्री सूर्या ने बिरसा चौक पहुंचकर भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिभा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद महानगर युवा मोर्चा के अध्यक्ष रोमित नारायण के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया। मौके पर सांसद संजय सेठ, भाजयुमो के झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष शशांक राज, विनय जायसवाल, केके गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। सांसद संजय सेठ ने कहा कि आज पूरा देश मोदी मोदी कर रहा है। पूरा देश चाहता है कि तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनें।

## पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने युवा सम्मेलन में कहा

# कांग्रेस-झामुमो ने झारखंड को घोटालाखंड बना कर रख दिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कांग्रेस-झामुमो ने झारखंड को घोटालाखंड बना दिया। श्री चौहान बुधवार को मोरहाबादी स्थित संगम गार्डेन में आयोजित युवा संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अटल जी ने झारखंड बनाया है और मोदी जी झारखंड को संवार रहे हैं। मोदी जी दिल्ली से जनता की भलाई के लिये पैसा भेजते हैं। लेकिन ये झामुमो, कांग्रेस, आरजेडी इंडी गठबंधन वाले उस पैसे से नोटों का पहाड़ खड़े कर देते हैं। उन्होंने कहा कि ये कांग्रेस, झामुमो और आरजेडी तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा है। इन्होंने झारखंड को लूटा है।



**पीओके भारत का अभिन्न अंग है :** उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने हमला किया था। जम्मू-कश्मीर पर हमारी सेना बहादुरी के साथ लड़ रहीं थीं। अगर 3 दिन और युद्ध विराम नहीं होता तो पीओके होता ही नहीं, सारा का सारा कश्मीर हमारा होता। कांग्रेस और पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने पाप किया और युद्ध विराम कर दिया। उन्होंने कहा कि अब तक ऐसा कोई सगा नहीं जिसे केजरीवाल ने ठगा नहीं। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी कह रही हैं कि मैंने राहुल को आपको सौंप दिया है। 53-54 साल के आदमी को सौंपा जाता है क्या। सोनिया गांधी सौंप नहीं रही हैं, थोप रही हैं। उन्होंने कहा कि राम हमारे आराध्य है। राम हमारे अस्तित्व है। आयोध्या में दिव्य और भव्य राममंदिर का निर्माण हुआ। रामलला विराजमान हुये। आयोध्या का अंसारी परिवार जिसने कोर्ट में बाबरी मस्जिद का केस लड़ा उन्होंने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया और प्राण-प्रतिष्ठा में भाग लिया। लेकिन कांग्रेस नहीं गई। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग कभी कहते हैं कि चुनाव के बाद पीएम का नाम तय कर लेंगे इसलिये, मोदी जी को तीसरी बार देश का पीएम बनाना है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में एक गौरवशाली, शक्तिशाली, संपन्न और समृद्ध भारत का निर्माण हो रहा है। कांग्रेस के जमाने में दुनिया में कहीं भी भारत टिकता नहीं था।

## खबर एक नजर में

### बस ने मारी टक्कर, युवक की मौत

**रांची।** लोकसभा चुनाव ड्यूटी में जा रही बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। यह घटना अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू रोड स्थित पावर हाउस के पास हुई। जहां चुनाव ड्यूटी में जा रही गौतम यान नाम की बस जेएच 01 सी यू 4446 ने सहजानंद चौक की तरह बाइक से जा रहे युवक को टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। इस घटना के बाद हरमू रोड में जाम लग गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में युवक दोषी करार

रांची। पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को नाबालिग से दुष्कर्म मामले में अभियुक्त प. बंगाल के पुरूलिया निवासी मिथुन महतो को दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 27 मई की तारीख निर्धारित की है। घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने नगड़ी थाना में चार अगस्त 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार अभियुक्त मिठाई दुकान में काम करता था। उसी में नाबालिग भी काम करती थी। दोनों में दोस्ती हुई और अभियुक्त ने नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाया। इसकी जानकारी परिजन तब हुई, जब वह गर्भवती हो गई।

### अपराध की योजना बना रहा अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए विभिन्न जगहों पर छापेमारी की जा रही है। मंगलवार को रांची पुलिस को जानकारी मिली थी कि सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित न्यू मार्केट ऑटो स्टैंड में कुछ अपराधी हथियार के साथ इकट्ठे हुए हैं और किसी आपराधिक वारदात की योजना बना रहे हैं। मामले की जानकारी मिलने के बाद रांची पुलिस ने छापेमारी किया, जिसके बाद हथियार के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक का नाम रमजान खान है और वह कांके इलाके में रहता है।

### डॉ. धनञ्जंय पेरिस और फ्रांस में देंगे व्याख्यान



**रांची।** मेडिका हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. धनञ्जंय कुमार ने झारखण्ड का नाम गौरवान्वित किया है। डॉ. धनञ्जय को हृदय रोग का विश्व का सबसे बड़ा कॉन्फ्रेंस, यूरो पीसीआर, पेरिस, फ्रांस में व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया है। वे यूरो पीसीआर में व्याख्यान हेतु आमंत्रित होने वाले झारखण्ड के पहले हृदय रोग विशेषज्ञ हैं। यूरो पीसीआर गत सप्ताह आयोजित हुआ, जिसमें दुनिया भर के 5000 से अधिक हृदय रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस कॉन्फ्रेंस में हार्ट वाल्व की समस्या का निदान विषय पर डॉ. धनञ्जंय ने अपने अनुभव साझा की।

### निपु सिंह ने सहारा इंडिया के निवेशकों से मांगा आशीर्वाद

रांची। रांची लोकसभा प्रत्याशी सह समाजसेवी निपु सिंह ने हटिया विधानसभा के कटहल मोड़ चौक में तूफानी दौरा किया। इसी क्रम में उन्होंने खजूर टोला, राय, ठाकुरगांव, चूटू, खिजुर टोला, बाड़गाई, विद्यानगर, गंगानगर, करम चौक, मधुकम, रुका डैम, हरमू चौक, सदाबाहार चौक, पूंदाग, नेवरी विकास, आईटीआई और कटहल मोड़ सहित कई जगहों पर दौरा किया और सहारा इंडिया के निवेशकों से आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के मंत्री जेल जा रहे हैं। यह झारखंड राज्य के लिए दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। वहीं राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी का हटिया लोकसभा प्रभारी प्रेम कुमार ने सभी जगह प्रचार किया और सहारा इंडिया को पैसा दिलवाने के लिए जनता को एक मंच पर आने का अग्रह किया ।

### रिम्स नर्सिंग की छात्राओं ने बीपी की दी जानकारी

**रांची।** रिम्स नर्सिंग कॉलेज की स्टूडेंट्स ने बुधवार को हाई ब्लड प्रेशर के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से अभियान चलाया। इस दौरान रिम्स कैंपस में में नुक्कड़ नाटक किया गया। इसके माध्यम से लोगों को बताया गया कि कैसे वे अपने बढ़े हुए ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रख सकते है। नर्सिंग स्टूडेंट्स ने रिम्स के डायरेक्टर डॉ राजकुमार का ब्लड प्रेशर चेक किया। इसके बाद पूरे कैंपस में दुकानों में जाकर संचालकों को भी जागरूक किया। उनका ब्लड प्रेशर चेक किया गया। इसके बाद सावधानी बरतने की भी सलाह दी गई।

### मस्जिद जाफरिया में शोक सभा आज

**रांची।** अंजुमन जाफरिया रांची की ओर से इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के राष्ट्रपति मौलाना सैयद इब्राहिम रईसी, ईरान के विदेश मंत्री और उनके सभी शहीदों की याद में मस्जिद जाफरिया में एक शोक सभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वक्ता अपने विचार व्यक्त करेंगे और शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। इस अवसर पर मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब सह ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड, झारखंड के अध्यक्ष हजरत मौलाना अल्हाज सैयद तहजिबुल हसन रिजवी मजलिस को संबोधित करेंगे। सभी बुद्धिजीवियों से भाग लेने का अनुरोध किया है।

### कांग्रेस पार्टी परिवार बढ़ा रही : सीपी सिंह



रांची। सुखदेव नगर मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे के नेतृत्व में ओझा मार्केट से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ में जनसंपर्क अभियान चलाया। इसमें विधायक सीपी सिंह, सत्यनारायण सिंह उपस्थित थे। सीपी सिंह ने कहा कि कांग्रेस, झामुमो और राजद एक साथ भ्रष्टाचार में लिप्त है। संजय कुमार जायसवाल ने कहा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके कठपुतली मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर हैं। पदयात्रा में ललित नारायण ओझा, मुकेश मुक्ता, ओम प्रकाश पांडे, भीम प्रभाकर, हरेंद्र सिंह, संजीव चौधरी, जितेंद्र पांडे, बैजू सोनी, सीमा मिश्रा, मंजू चौरसिया, राजेश शाह अशोक यादव, ललन सिंह, गीता देवी, नीरज कुमार, सोनू सिंह, नीतू सिंह, राधा कुमारी, सहित पंडरा बजार के श्रमिक उपस्थित थे।

# राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री पुरस्कार से नवाजे जा चुके हैं मनीष रंजन, पांच पुस्तकें भी हो चुकी हैं प्रकाशित

इडी के समन के बाद कॅरियर पर लगा दाग, मनीष रंजन को समन भेजना चर्चा का विषय

**कुबेर सिंह**

**रांची।** इडी ने झारखंड के भू-राजस्व विभाग के सचिव मनीष रंजन को समन भेजा है। वे दो बार क्रमशः 2008 और 2009 में प्रधानमंत्री पुरस्कार से नवाजे जा चुके हैं। इन्हें 13 अगस्त, 2022 को प्रशासनिक अकादमी मसूरी में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान गोल्ड मेडल से भी नवाजा गया था। मसूरी में आयोजित 16वें मिड कॅरियर ट्रेनिंग के फेज फोर मेंआइएएस अधिकारी डॉ. मनीष रंजन डायरेक्टर गोल्ड मेडल सहित प्रशिक्षणार्थियों में पहला स्थान प्राप्त किया था। इसमें पूरे देश से 94 आइएएस अधिकारियों ने भाग लिया था। डॉ. मनीष रंजन को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू एवं लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी मसूरी के निदेशक श्रीनिवास ने सम्मानित किया था। उस वक्त मनीष रंजन झारखंड में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव पद पर पदस्थापित थे। शुरू से ही नंबर वन रहनेवाले मनीष रंजन ने जब गोल्ड मेडल हासिल किया तो झारखंड का नाम रोशन हुआ था, लेकिन इडी के समन के बाद उन पर एक दाग लग गया है। आईएएस लॉबी में मनीष रंजन को समन भेजा जाना चर्चा का विषय बन गया है।

**कौन हैं आइएएस डॉ मनीष रंजन**

आइएएस डॉ मनीष रंजन का जन्म 10 जुलाई 1975 को हुआ। वह झारखंड कैडर के 2002 बैच के आइएएस हैं। मनीष रंजन खूंटी में उपायुक्त रह चुके हैं। वर्ष 2015 से अप्रैल 2017 तक माध्यमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के निदेशक रहे हैं। वर्ष 2008 और 2009 में डा मनीष रंजन को प्रधानमंत्री से पुरस्कार मिल चुका है। वह देवघर व पाकुड़ में मनरेगा में उत्कृष्ट कार्य कर चुके हैं। वर्ष 2007 में भारत के राष्ट्रपति ने भी मनीष रंजन को पुरस्कृत किया था। लातेहार के अलौदिया पंचायत को प्रथम पूर्ण स्वच्छ पंचायत बनाने हेतु भी पुरूस्कार मिल चुका है।

**बढ़िया लेखक भी हैं आइएएस मनीष रंजन :** मनीष रंजन एक बढ़िया लेखक भी हैं। उनकी कई किताबें बाजार में आ चुकी हैं। बिहार बोर्ड और इंटर परीक्षा में वह टॉपर रह चुके हैं। मनीष रंजन ने उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दिल्ली गए। दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई की है। वह समाजशास्त्र में टॉपर रह चुके हैं। आइएएस मनीष रंजन ने प्रबंधन और वाणिज्य विषय में वर्ष 2007 में झारखंड के चर्चित रांची यूनिवर्सिटी से शोध पूरा किया है और डॉक्टरेट की उपाधि ली।

# गुरुनानक सेवक जत्था ने समाज के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी में बुधवार को श्री गुरु रामदास जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर दसवीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। सीबीएसइ 12वीं की परीक्षा में अनीश अरोड़ा को 97.4%, ऐश्वर्य तलेजा को 96%, लवीश जुनेजा को 95% तथा आईसीएसइ की 10वीं बोर्ड परीक्षा में योग्य घई को 96% तथा अर्पित मुंजाल को 96% प्राप्त होने पर गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा में श्री गुरु रामदास जी के प्रकाश पर्व के मौके पर सुबह आठ बजे से सजाए गए दीवान में सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल एवं सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने सरोपा ओढ़ाकर तथा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने सभी मेघावी छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल ने समाज के सभी बच्चों से पढ़ाई में खूब मेहनत करने एवं रोजाना गुरुद्वारा साहिब में आकर माथा टेक कर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का आशीर्वाद प्राप्त करने को कहा।

सम्मान समारोह में गुरुनानक सेवक जत्था के मनीष मिड्ढा, पंकज मिड्ढा, उमेश मुंजाल, रमेश तेहरी, कमल धमीजा, अजय मुंजाल, आशु मिड्ढा कमल मुंजाल, नवीन मिड्ढा एवं पवनजीत सिंह खत्री की विशेष भागीदारी रही।

# शिक्षकों को 18 जून से पहले भी मिल सकती है प्रोन्नति !

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शिक्षकों को ग्रेड 4 से ग्रेड 7 तक में प्रोन्नति देने पर समस्या आ रही है। इसके निदान को लेकर झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के संयोजक विजय बहादुर सिंह एवं अमीन अहमद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सचिव और प्राथमिक शिक्षा निदेशक के कार्यालय में ज्ञापन दिया। इसके बाद प्राथमिक शिक्षा के अवर सचिव जागो चौधरी के समक्ष इसे रखा। उनसे आग्रह किया कि 93 नियमावली के तहत जिन शिक्षकों की सूची जारी हुई है, उनको ग्रेड 4 से ग्रेड 7 तक में प्रोन्नति दी जाए। मोर्चा के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद और प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने कहा कि रांची जिला के मध्य विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के 294, पश्चिमी सिंहभूम जिला के 160 पद रिक्त हैं।

राज्य गठन के बाद अब तक प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति लंबित है। इसके कारण निकासी एवं व्ययन का कार्य भी बीईईओ को सौंप दिया गया है। उक्त संबंध में विभाग के संयुक्त सचिव नंदकिशोर लाल से भी मिलकर जानकारी दी गई।

संयुक्त सचिव ने उक्त मामले पर त्वरित संज्ञान में लेते हुए दूरभाष पर रांची जिला शिक्षा अधीक्षक से बात की। समस्याओं के समाधान पर दिशा निर्देश जारी किये। उनका स्पष्ट निर्देश था कि जितनी रिक्ति है, उसके अनुसार शिक्षकों को ग्रेड- 4 से ग्रेड-7 दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि रांची जिले के सरकारी मध्य विद्यालय में 294 शिक्षक इसके पात्र हैं। अतः वरीयता के अनुसार उन्हें प्रोन्नति यथाशीघ्र दी जाए। उन्होंने उच्च न्यायालय में दायर केस पर भी चर्चा करते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिये। उन्होंने 18 जून को प्राथमिक शिक्षा निदेशक को उच्च न्यायालय में उपस्थित होने के बारे में बताया। उसके पहले सभी समस्याओं का समाधान कर शिक्षकों को ग्रेड-4 से ग्रेड-7 में प्रोन्नति दी जाए। झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद एवं विजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में अजय कुमार, पंकज कुमार, अरुण कुमार एवं राकेश श्रीवास्तव, पंकज दुबे, ब्रजेश मिश्रा, मो फखरुद्दीन, मकसूद जफर हादी शामिल हुए।

## पोलिंग पार्टियों के डिस्पैच की तैयारियों का डीसी ने लिया जायजा

**रांची।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 25 मई को होनेवाले मतदान व मतदान दिवस से एक दिन पूर्व पोलिंग पार्टियों को डिस्पैच सेंटर से रवाना किया जायेगा। निवार्ची पदाधिकारी रांची संसदीय क्षेत्र के राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को मोरहाबादी स्थित डिस्पैच सेंटर, वाहन कोषांग एवं समाहरणालय स्थित सामग्री कोषांग में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया।

समाहरणालय में डीसी ने मतदान कर्मियों के लिए तैयार किये गये पैकेट्स/मेडिकल किट्स आदि का जायजा लिया एवं पैकेट्स तैयार कर रहे कर्मियों को सावधानी से दायित्वों के निष्पादन का निर्देश दिया। इसके बाद मोरहाबादी स्थित डिस्पैच सेंटर में चल रही तैयारियों को देखने के लिए पहुंचे। विधानसभावार मतदानकर्मियों को दिये जाने वाली सामग्री के वितरण की तैयारियों की उपायुक्त ने जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को ससमय कार्यों को पूरा करने का आदेश दिया। उपायुक्त ने कहा कि मतदान कर्मियों को डिस्पैच के दिन कोई परेशानी न हो, इसे लेकर पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# रिम्स में बनेगा शहर का पहला अंडर पास

## मुख्य भवन से जुड़ेगा ओपीडी कांप्लेक्स

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिम्स हॉस्पिटल में व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर प्रबंधन रेस है। आए दिन मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रबंधन की ओर से पहल की जा रही है। अब हॉस्पिटल का नया ओपीडी कांप्लेक्स बनाने का रास्ता साफ हो गया है। यह रिम्स से कुछ दूरी पर स्थित डीआईजी ग्राउंड में बनेगा। वहीं ओपीडी कांप्लेक्स और मुख्य भवन दोनों को जोड़ने के लिए शहर का पहला अंडरपास बनाया जाएगा। मेट्रो शहरों की तर्ज पर बनने वाला यह अंडरपास एक उदाहरण पेश करेगा। इससे रिम्स के दो महत्वपूर्ण बिल्डिंग आपस में जुड़ जाएंगे। वहीं मरीजों को ओपीडी कांप्लेक्स से ट्रामा सेंटर बिल्डिंग में आने के लिए लंबी दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

**ट्रामा सेंटर के बगल से बनेगा रास्ता :** रिम्स कमिटी की बैठक में ट्रामा सेंटर के बगल से अंडरपास





बनाने की सहमति बनी है। इससे मरीज एक बिल्डिंग से दूसरी बिल्डिंग बिना किसी परेशानी के जा सकेंगे। वहीं ओपीडी में आने वाले मरीजों को भर्ती करने की जरूरत पड़ती है तो उन्हें भी सीधे सेंट्रल इमरजेंसी सह ट्रामा सेंटर में लाया जाएगा।

हॉस्पिटल की जमीन कई जगह है. ऐसे में डीआईजी ग्राउंड के पास खाली पड़ी रिम्स की जमीन को अतिक्रमण कर लिया गया है। कई लोग अतिक्रमण करने की फिराक में भी है। इसकी सूचना मिलने पर रिम्स प्रबंधन ने तत्काल जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने को कहा है। इसके लिए कमिटी भी गठित कर दी गई है। वहीं अतिक्रमण मुक्त कराने के बाद जमीन की घेराबंदी कराने का आदेश दिया गया है।

## बेहतर प्रौद्योगिकी से ही किसानों की आय बढ़ेगी: डॉ एससी दुबे

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा है कि बेहतर प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से ही किसानों को गुणवत्तायुक्त उत्पाद मिलेगा। कुलपति राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा दूरदर्शन झारखंड के सहयोग से कृषि में प्रौद्योगिकी की भूमिका विषय पर आयोजित कैंपस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादों के लाभकारी विपणन के लिए उत्पादों में पोषण संवर्धन पोस्ट हार्वेस्ट चरण में न्यूनतम नुकसान तथा प्रोसेसिंग पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि कृषि जलवायु परिस्थितियों के अनुसार अलग-अलग क्षेत्र के लिए अलग-अलग फसलों का गुड एग्रीकल्चर प्रैक्टिस तैयार करना होगा और किसानों को बताना होगा। आईसीएआर और कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा फसल उत्पादन एवं प्रबंधन तकनीकी की जानकारी देने के लिए एप तैयार किये गये हैं। मौसम परिवर्तन के प्रति सहिष्णु फसल प्रभेदों के विकास को प्राथमिकता देनी चाहिये। जिन कीटनाशकों का प्रयोग फसलों और परिस्थितियों के लिये सरकार द्वारा अनुमोदित है उन्हीं का प्रयोग करना चाहिये।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए संत जेवियर्स कॉलेज में कार्यक्रम

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज में बुधवार को लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की सक्रियता बढ़ाने के लिए इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब, रोटरेक्ट क्लब एंड वॉयस ऑफ भारत के तत्वावधान में उप विकास आयुक्त कार्यालय रांची द्वारा स्पीच एंड डिबेट प्रतियोगिता की गयी। कार्यक्रम का उद्देश्य 25 मई को होने वाले मतदान में युवा मतदाताओं एवम रांची के समस्त मतदाताओं को मतदान प्रकिया में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में डीडीसी दिनेश यादव ने कॉलेज को मतदाता जागरूकता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कृत किया गया। चुनावी साक्षरता क्लब को समस्त साक्षरता क्लब में श्रेष्ठ क्लब का पुरस्कार मिला। चुनावी साक्षरता क्लब के नोडल डॉ. आशुतोष पांडेय को सम्मानित किया गया।

## डीएसपीएमयू में स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग की ओर से भारतीय दार्शनिक दिवस आयोजित

# भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर : डॉ टीके शांडिल्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में बुधवार को स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग की ओर से भारतीय दार्शनिक दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर टीपीएस कॉलेज पटना के सह प्राध्यापक डॉ श्यामल किशोर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रिम्स के पूर्व न्यूरो विभागाध्यक्ष डॉ एचपी नारायण और सारस्वत अतिथि के तौर पर रांची विवि के पूर्व मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ सरस्वती मिश्रा आमंत्रित थीं।

इस अवसर पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि दर्शनशास्त्र सभी विषयों की जननी है। आज की युवा पीढ़ी को प्राचीन ग्रंथों, वेद और गीता को पढ़ना चाहिए ताकि हम अपने समृद्धशाली अतीत जान सकें। उन्होंने कहा कि भारत प्राचीन काल में गौतम बुद्ध के समय विश्ववगुरु के रूप में जाना जाता था और जो भारत अतीत में विश्ववगुरु था, उसे आप विद्यार्थी अपने प्रयासों के द्वारा भविष्य में भी विश्ववगुरू बनाने में अपना सार्थक योगदान दें। इसके बाद उन्होंने विद्यार्थियों के



ज्ञानवर्द्धन के लिए शंकराचार्य के जीवनवृत्त का उल्लेख करते हुए बताया कि एक अल्प अवधि तक जीवन प्राप्त करने वाले इस विद्वान ने दर्शनशास्त्र पर सम्पूर्ण ज्ञान प्राप्त कर विश्व में प्रसिद्धि प्राप्त की थी। उन्होंने मार्क्सवादी सिद्धांतों की चर्चा कर उसे दर्शनशास्त्र से जोड़ा।

मौके पर मुख्य वक्ता डॉ श्यामल किशोर ने भारतीय दार्शनिक दिवस की प्रासंगिकता को शंकराचार्य की विद्वता और महत्ता से जोड़ते हुए बताया कि शंकरचार्य एक धरती, एक परिवार और मानवतावाद के सिद्धांत के पुरोधा हैं। उन्होंने भारतीय दर्शन को प्राचीन काल से ही एक दिशा निर्देशक के रूप में माना। वहीं, डॉ एचपी नारायण ने भारतीय दार्शनिक दिवस के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि दर्शनशास्त्र हमें जीवन को जीने की कला सिखाता है। इसमें जीवन का सार निहित है। उन्होंने गीता के श्लोकों की विस्तार से चर्चा की। डॉ सरस्वती मिश्रा ने कहा कि मनुष्य के जन्म के साथ ही दर्शन की यात्रा प्रारंभ हो जाती है। साथ ही उन्होंने कहा कि तार्किक विश्लेषण के आधार पर हम दर्शन को प्राप्त कर सकते है। जीवन में हमें दुख से निवृति और आनंद के प्राप्ति की चाह होती है। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के द्वारा आदि शंकराचार्य के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई।इसके उपरांत डीएसपीएमयू के दर्शनशास्त्र की विभागाध्यक्ष ि आभा झा ने अतिथियों का स्वागत किया और विषय प्रवेश कराते हुए आदि शंकराचार्य के जीवन वृत्त पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ धनंजय वासुदेव द्विवेदी ने किया। मौके पर प्रॉक्टर डॉ पंकज कुमार, डॉ विनोद कुमार, डॉ रेखा झा, डॉ अनूप प्रसाद, डॉ गुड़िया कुमारी के अलावा विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा का चुनाव संपन्न, बिमल दस्सानी अध्यक्ष, घेवरचंद नहाटा मंत्री

रांची। जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा की विशेष आम सभा का आयोजन बुधवार को किया गया। मंत्री विनोद बेंगवानी ने आए हुए सदस्यों का स्वागत किया एवम् कोषाध्यक्ष संजय सिंघी ने आय व्यय का ब्योरा दिया। कार्यक्रम में श्वेतांबर जैन समाज के लोगों ने हिस्सा लिया और बैठक में बिमल दस्सानी को वर्ष 24/26 के लिए निविरोध अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष लाल चंद बोथरा, मंत्री घेवर चंद नहाटा, सह मंत्री दिलीप बोहरा, कोषाध्यक्ष संजय सिंघी, संगठन मंत्री सह प्रवक्ता कमलेश संचेती के अलावा कार्यकारिणी में कोमल गेलडा, विनोद बेंगानी, दिलीप भटेरा, अशोक गुलगुलिया, विकास सिंघी, महेंद्र बरमेचा, ललित बोहरा को रखा गया है।

### मतदाता जागरूकता अभियान में मिला पुरस्कार



**रांची।** जिला प्रशासन द्वारा 4 मई से 19 मई तक आयोजित वोट करेगा रांची मतदाता जागरूकता अभियान में सहभागिता के लिए रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, अग्रवाल सभा एवं मारवाड़ी सहायक समिति को संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी से मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष सह अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज कुमार चौधरी एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के उपाध्यक्ष पवन पोद्दार ने मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र सम्मान प्राप्त किया।

# संजय सेठ की पत्नी ने कार्यकर्ताओं का बढ़ाया उत्साह

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** छठे चरण का चुनाव प्रचार अब समाप्त होने वाला हैं। जिसे देखते हुए प्रत्याशी के साथ कार्यकर्ता भी संपर्क अभियान तेज कर दिया है। अब चुनाव प्रचार समाप्त होते-होते भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ की पत्नी नीता सेठ भी चुनाव प्रचार में कूद पड़ी है। नीता सेठ के प्रचार में उतर आने से महिला कार्यकताओं का उत्साह व मनोबल हाई हो गया है। बुधवार को सांसद प्रतिनिधि कुमुद् झा के साथ ओरमांझी पहुंची नीता सेठ ने चुनावी कार्यालय में भाजपा कार्यकताओं से मिली, और चुनाव संबंधित जानकारी ली। वहीं प्रमुख



पति को जीताने को प्रचार में निकली नीता सेठ।

अनुपमा देवी व पूर्व प्रमुख जयगोविंद साहू उर्फ लाल साहू पूर्व जिला अध्यक्ष रणधीर चैधरी व महिला कार्यकताओं के साथ मतदाताओं के घर-घर जाकर वोट मांग रही थी। वहीं पार्टी का झंडा पोस्ट लिए महिलाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर एकबार प्रधानमंत्री बनाना है, संजय सेठ जिंदाबाद के नारे लगा रहे थें। जनसंपर्क अभियान में मुखिया दीपक बड़ाईक, पंसस ललिता देवी, वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष सत्यमराज कुशवाहा ग्रामप्रधान दीनदयाल लोहार, शषि मेहता, आनंद मेहता, विक्रांत तिवारी, रोहन बर्मन, नीरज नायक, पूर्व मुखिया मीना देवी, अनीता देवी, ममता देवी, उषा देवी, गीता देवी, किरण देवी, बसंती देवी, मीना देवी, मुन्नी देवी, पूनम देवी सहित काफी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल हुए।

# सिल्ली में हाथियों का उत्पात जारी

## करीब 40 हाथियों का झुंड, ग्रामीण दहशत में

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** प्रखंड के गांवों में हाथियों के आतंक से लोग परेशान हैं। पिछले कई दिनों से करीब 40 हाथियों का झुंड सिल्ली के अलग-अलग इलाके में शरण लिए हुए है। ये हाथी रात होते ही गांवों में धावा बोल रहे हैं और उत्पात मचा रहे हैं। बीती रात लोटा के चापाटांड़ में हाथियों ने धावा बोला और मंजीत साहू के एक एकड़ जमीन पर दी गयी चहारदीवारी

**वन विभाग के मुताबिक हाथी भगाओ दल हाथियों को भगाने में लगा हुआ है**

को क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक अभी भी हाथी अलग-अलग झुंड में आसपास के वनों में छिपे हुए हैं। वन विभाग के मुताबिक हाथी भगाओ दल हाथियों को भगाने में लगा हुआ है।

# हल्की वर्षा में एनएच पथ बना तालाब



ओरमांझी में एनएच-20 पथ पर जमे पानी से बना तालाब।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को हल्की वर्षा हुई। वर्षा होने से एक ओर गर्मी से राहत मिली। वहीं सड़क पर वर्षा का पानी के जमाव होने से शास्त्री चैक स्थित एनएच-20 पथ पर तालाब सी स्थिति हो गई। रांची रामगढ़ से गुजरने वाले वाहनों को काफी परेशानी हुई। सबसे ज्यादा दो पहिया वाहन सवारों को परेशानी हो रही थी। चार चक्का व अन्य वाहन के गुजरने के दौरान सड़क पर जमे गंदा पानी बगल से गुजर रहे बाइक सवार के कपड़े गंदे हो रहे थें। बाइक पर बैठी महिलाओं का हालत और भी खराब हो रही थी। ऐसा दृष्य पहली बार नही है।

पिछले वर्ष भी वारिश के मौसम आने से पूर्व इसी प्रकार के हालात थें। बताया जाता है कि चैक पर ओवरब्रिज निर्माण को लेकर किनारे तोड़-फोड़ की गई थी। बाद में स्थिानीय दूकान संचालकों व जनप्रतिनिधियों के विरोध के बाद निर्माण कार्य बंद हो गया था। पानी निकासी का ड्रेन बंद हो जाने से ऐसी हालात पैदा होती है। बताया जा रहा है कि अब जल्द ही ओवब्रिज का निर्माण कार्य शुरू होने वाला है। इससे सड़क में पानी की जमाव भी ठिक हो सकती है। वारिश के मौसम आने से पूर्व इसपर ध्यान नही दिया गया परेशानी बढ़ जाएगी।

# रामचरित मानस नवाह्न पाठ महायज्ञ का शुभारंभ

**चैनपुर (राहे)।** रामचरितमानस कथा प्रवचन एवं नौ दिवसीय नवाह्न परायण महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। पहले दिन प्रभु श्री राम का भव्य श्रृंगार हुआ और आरती-पूजन के साथ महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। अगले नौ दिनों तक चलने वाले इस महायज्ञ में 30 मई दिन गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी । आयोजन समिति ने तमाम माता- बहनों और भक्तों से अपील की है, कि इस कलश यात्रा में अवश्य शामिल हो। प्रारंभिक क्रम का संचालन मंगल भवन अमंगल हारी, द्रबहु सो दसरथ अजिर बिहारी।। की पवित्र पंक्तियों के साथ बुधवार को यज्ञ अनुष्ठान का प्रथम सोपान मंगलाचरण से प्रारंभ हुआ। दोहा और चौपाई के माध्यम से मुख्य पाठ संचालक बुलू ठाकुर जी द्वारा बताया गया कि भगवान राम की कथा हमारे समाज को अनुशासन और प्रेम तथा सद्भाव का संदेश देती है। जिन घरों में भगवान श्री राम सहित हमारे देवी देवताओं एवं महापुरुषों की कथाओं का गुणगान होता है उन परिवारों में हमेशा सुख शांति बनी रहती है। कथावाचक ने बताया कि यदि हमारे समाज के लोग श्री राम चरित्र मानस का अनुकरण करते हुए जीवन निर्वाह करने की कला सीख लें तो समाज की सभी प्रकार की समस्याओं का निराकरण अपने आप हो जाएगा प्रथम दिवस कथा का स्थगन, रामायण जी की आरती के साथ हुआ। महायज्ञ का समापन 31 मई दिन शुक्रवार को पूरे विधि विधान के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर यज्ञ महासमिति के संरक्षक जयप्रकाश महतो, रामप्रसाद महतो, कृष्ण दुलाल महतो, पशुपति महतो, प्रहलाद सिंह मुंडा, योगेश्वर महतो, श्रीपद महतो,अध्यक्ष नागेंद्र महतो, सचिव सदानंद महतो, कोषाध्यक्ष उपेंद्र महतो सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नये वोटर छात्राओं की मतदान जागरूकता रैली

## वोटर प्रेरित करने को रैली बेहतर माध्यम

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** सनराइज कॉलेज ऑफ नर्सिंग हुटुप ओारमांझी की छात्र-छात्राओं ने बुधवार को एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में शामिल अधिकांश छात्राएं नये वोटर हैं, और मतदान के प्रति वे खुद भी काफी उत्साहित हैं। सभी छात्र-छात्राएं हांथों में स्लोगन लिए चुनाव है लोकतंत्र की शान, वोट देकर करें सम्मान। छोड़ो सारे काम पहले करें मतदान, जन-जन का नारा है, मतदान अधिकार हमारा है। समझदार की पहचान वोट का निशान जैसे आदि नारा लगा ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक कर रहे थें। रैली कॉलेज परिसर से रूक्का हुटुप होते हुए विभिन्न गली-मुहल्ले में गई। लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। वहीं कई जगह समुह में मिले ग्रामीणों को मतदान का महत्व



रैली में शामिल नर्सिंग की छात्राएं

बताया और मतदान करने की अपील की गई। कॉलेज के निदेशक युधिष्ठिर महतो ने मतादान अधिकार व चुनाव में एक-एक वोट को महत्वपूर्ण बताया, कहा मतदान करना लोकतंत्र के प्रति अपना फर्ज निभाना है। ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के प्रति जगरूक करने के लिए रैली एक बेहतर माध्यम है। रैली में प्राचार्य अनुपमा सुरीन, सविता महतो, एलिस अल्ता, किरन मुर्मू, प्रतिमा कुमारी, ललिता लिंडा, लक्ष्मी कुमारी, स्नेहा कुमारी, विकास कुमार, अस्मिता कुमारी, अभिषेक राज, सचिन कुमार, आसीफ अंसारी सहित षिक्षक व छात्राएं शामिल थें।

# ठनका गिरने से छह मवेशियों की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** प्रखंड के चंदवाटुंगरी गांव में वज्रपात से 6 भैंसा (काड़ा)का हुआ मौत हुआ है। बुधवार को दिन अचानक तेज आवाज के साथ बज्रपात होने से चंदवाटुंगरी गांव के हरिदास उरांव के 6 भैंसा (काड़ा) का मौत तत्काल हुआ है। भैसा का बाजार कीमत 3 लाख से अधिक बताई जा रही है। घटना की सूचना पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो , हलधर पांडे,व्यास अहीर घटना स्थल पहुंचे। प्रखंड अध्यक्ष ने पशु चिकित्स से बात के पोस्टमार्टम करने को कहा। पशु पालक को आश्वस्त किया कि सरकारी स्तर पर मिलने वाला मुआवजा दिलाया जायेगा।मौके पर संजय मुंडा, राजेंद्र प्रमाणिक, किस्टो अहीर, छोटन मुंडा, विजय सिंह मुंडा, करम मुंडा,उत्तम साव, राजू महतो, उमेश महतो आदि मौजूद थे।

# देवेंद्र नाथ महतो के जेल से निकलते ही कार्यकर्ताओं में बढ़ा जोश

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** रांची लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो 17 दिनों के बाद होटवार जेल से रिहा हुए। रिहाई होती ही कार्यकताओं में जोश का संचार हुआ। प्रत्याशी महतो अपने चुनाव प्रचार में जुट गए हैं ।उनके सहयोग देने के लिए हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी संजय मेहता, पश्चिम सिंहभूम प्रत्याशी दामोदर हंसदा,महिला मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दमयंती मुंडा, कोडरमा प्रत्याशी मनोज यादव, कुर्मी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार, जापा के परमेश्वर महतो,पंच परगना फाइटर ललित कुमार आदि क्षेत्र में उपस्थित रहे। बुधवार को सिल्ली विधानसभा के विभिन्न गांव से मोटरसाइकिल जुलूस और रोड शो किया गया। इसके अलावे



अनगड़ा ओर कांके में शो किया। जिसमें लोगों का समर्थन मिलते दिखाई दिया। इन्होंने कम संख्या 24 चुनाव चिन्ह हेलमेट छाप में मतदान करने की अपील किया ।उन्होंने कहा कि मुझे न्यायालय पर पूरा भरोसा था राजनीतिक पार्टियों द्वारा मुझे बदनाम करने और फंसाने का प्रयास किया गया था। हम अपने कर्तव्य से विचलित होने वाले नहीं है। लोगों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

# क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** कंदरी स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के तत्वाधान में भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सत्र 2023-25 के बी. एड. एवं डी.एल.एड. के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शैक्षिणिक सचिव दीपाली पराशर उपस्थित थी। दीपाली पराशर ने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थिंयों के ज्ञानवर्धन के लिए प्रयासरत है ताकि शैक्षणिक के साथ-साथ प्रतियोगिता परीक्षा मे भी सफलता अर्जित कर सके। विद्यार्थिंयों को चार हाउस मे बॉटकर प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें प्रथम श्रधानंद, द्वितीय हंसराज तथा तृतीय स्थान पर दयानन्द रहे। विद्यार्थिंयों ने क्विज का भरपूर फायदा उठाते हुए लोगों के चेहरे पर खुशी देखी। विजेता टीम को महाविद्यालय की ओर से सर्टिफिकेट तथा मेडल प्रदान किया गया। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य, डीन विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण, कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# निर्दलीय प्रत्याशी ऐनुल अंसारी जीत दिलाने को लेकर बैठक की



खबर मन्त्र संवाददाता

**नगड़ी।** रांची लोकसभा निर्दलीय प्रत्यासी ऐनुल अंसारी जीत दिलाने को लेकर बुधवार को नगड़ी प्रखंड के कांटाटोली में बैठक हुई ।बैठक में साहेर, बसील, एडचोरो, बरसा, बंध्या, सहित दर्जनों गांव मुहल्ला के लोग उपस्थित थे। सभी ने श्री अंसारी को ट्रक छाप में वोट देकर भारी मत से जीतने का निर्णय लिया और कहा कि झारखंड में किसी भी पार्टी ने एक भी मुस्लिम को टिकट नही दिया। इसलिए हमलोग अपने गांव घर के निर्दलीय प्रत्यासी को जिताने का काम करेंगे। मौके पर इसराफिल अंसारी, वाहिद अंसारी, मो0 सज्जाद, मोइन, इरसाद, नुरू अंसारी,आफताब आलम, गजनु अंसारी, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# लक्ष्मी गजेंद्र मध्य विद्यालय प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय समर कैंप का बुधवार को समापन









समर कैंप में भाग लेते बच्चे व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी स्थित लक्ष्मी गजेंद्र मध्य विद्यालय प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय समर कैंप का बुधवार को समापन हो गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और रा.म.वि. लक्ष्मी गजेंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समर कैंप में कक्षा एक से आठवीं तक के 220 बच्चों ने भाग लिया। समर कैंप के अंतिम दिन बच्चों के द्वारा बनाए गए अखबार का प्रारूप, मिट्टी के खिलौने, नाटक व नृत्य का प्रर्दशन किया गया। इसके अलावा खेल की गतिविधियों में बच्चों ने भाग लिया। इससे पूर्व समर कैंप के प्रथम दिन कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों ने पेंटीग, मिट्टी से खिलौना बनाना और गणित से जुड़ी गतिविधि में भाग लिया। जबकि कक्षा 4, 5 और 6 के बच्चों ने भाषा अधारित गतिविधि के तहत कहानि लिखना और उससे नाटक तैयार करने का हुनर सीखा। कक्षा 7 और 8 के बच्चों ने अपने विद्यालय के लिए समाचार पत्र का प्रारूप तैयार किया। इसके अलावा बच्चों के लिए मनोरंजक खेल का भी आयोजन भी किया गया। समर कैंप में फाउंडेशन के राजेश राम, जैनेन्द्र कुमार, सुजित कुमार, रोहित कुमार, दिनेश प्रजापति, प्रधानाध्यापक संतोष कुमार, जतरी कुजूर, उत्तोतमा कुमारी, अंजुला कुमारी, मनिलांग, मोहम्मद सज्जाद, रूखसाना के अलावे सीआरसी कर्मी, प्राथमिक विद्यालय मल्टी, प्रा. वि. तरगड़ी और प्रा. वि. रहमत नगर, रा.म. वि. लक्ष्मी गजेन्द्र के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया।

## स्पीड न्यूज

### जवाहर नगर में लगा हेल्थ कैंप



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर के दुर्गा मंडप कैंपस में बुधवार को डॉ. रेड्डी के सौजन्य से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। स्वास्थ्यकर्मी सन्नी कुमार ने करीब 40 से 50 लोगों का बीपी, शुगर की जांच किया। उन्होंने कहा कि शरीर में हल्की-फुल्की भी तकलीफ हो तो डॉक्टर से जरूर सलाह लें। शिविर में बीपी, शुगर के अलावे सर्दी-खांसी, जुकाम, बुखार आदि की भी टेंपप्रेचर मशीन से जांच की गई। शिविर को सफल बनाने में समाजसेवी श्रीनिवास अग्रवाल, विजय मिश्रा, अप्पू मिश्रा, शंकर पासवान, रामचंद्र साव, ज्ञान गोस्वामी, राजू सिंह, ऋतिक दास, रवि गुप्ता आदि का विशेष योगदान रहा।

### बारिश से मौसम हुआ सुहाना

**रजरप्पा।** बुधवार दोपहर को हुई तेज हवा, मेघगर्जन के साथ वारिश से लोगों ने उमस भरी गर्मी से राहत ली और किसानों के चेहरे पर खिल उठे। खेतों में नमी आने से किसानों ने खेतों की जुताई की तैयारी तेज कर दी है। किसान दिलेश्वर महतो ने कहा कि इस वर्ष किसानों के लिए राहत रहेगी। समय पर मानसून आने की उम्मीद जताई जा रही है। जबकि मौसम विभाग के अनुसार 31 मई को केरल में मानसून के दस्तक देने की संभावना है। इसके बाद झारखंड में 16 जूनको मानसून प्रवेश कर सकता है। जिससे किसान धान की खेती में जुट जाएंगे।

### ओलावृष्टि से किसानों को नुकसान



**रामगढ़।** जिले में पिछले 24 घंटे में गर्मी से लोग बेहाल थे। बुधवार को अचानक उमस भरी गर्मी के बीच मौसम ने करवट ली और आसमान में काले बादल छा गए। देखते ही देखते तेज तूफान और ओलावृष्टि शुरू हो गई। इस बारिश से लोगों को गर्मी से तो निजात मिली है, लेकिन ओलावृष्टि ने किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा है। रामगढ़ जिले के गोला और चितरपुर प्रखंड क्षेत्र में किसानों द्वारा लगाई गई सब्जियां खेतों में ही नष्ट हो गई। अचानक हुई ओलावृष्टि की वजह से टमाटर, पालक, नेनुवा, भिंडी, मकई आदि की फसल को नुकसान पहुंचा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगर इसी तरह से बे मौसम बारिश और ओलावृष्टि हुई तो किसानों को काफी नुकसान हो सकता है। रामगढ़ जिले के लगभग सभी प्रखंडों में बारिश हुई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अभी रामगढ़ जिला वासियों को गर्मी से जल्दी निजात नहीं मिलने वाली है। पारा अभी चढ़ेगा और चिल्लाती धूप लोगों को परेशान करेगी।

### कोलियरी रोडसेल समिति की आमसभा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोलियरी रोडसेल समिति की आमसभा बुधवार को भुरकुंडा कोलियरी हाथीदाड़ी खान परिसर में हुआ। सभा में भुरकुंडा कोयलांचल क्षेत्र के नीचे धौड़ा पावर हाउस, सरदार कॉलोनी, जयप्रकाश नगर, टालिवान धौड़ा, 2 व 3 नंबर झोपड़ी, न्यू बैरक, दुंदुवा बस्ती, बिरसा नगर, पटेलनगर, सयाल मोड़, कोल कंपनी, जवाहर नगर, चपरासी क्वार्टर, बेदिया टोला, उपर धौड़ा से सैंकड़ो की संख्या में मजदूर शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि भुरकुंडा लोकल सेल में पिछले 40 वर्षो से एक स्थायी रोडसेल समिति कार्यरत रही है। जिसमें आधा शहर और आधा देहात की भागीदारी रही है, और 40 वर्षों से शांतिपूर्ण संचालित करते आ रहे हैं। भुरकुंडा लोकल सेल का आधार मजदूर ही हैं और मजदूर ही रहेगा। सभा को संजय कुमार मिश्रा, मुकेश पासवान, बालेश्वर पासवान, किरण ज्योति, रावेल एक्का, सरोज झा झारखंडी, जुगल पासवान, अशोक तिवारी, रोहित करमाली, अमरेन्द्र प्रसाद, अजय सिंह, रविन्द्र सिंह, अभय मेहता, दिनेश मेहता, योगेन्द्र पाठक, शिवशंकर पांडेय, प्रमिला दुबे, डॉ. आशीष कुमार, संतोष उरांव आदि ने संबोधित किया।

### खाटू श्याम जा रहे भक्तों का स्वागत

**हजारीबाग।** राजधानी रांची के मुन्ना शर्मा एवं जमशेदपुर के राहुल शर्मा पदयात्रा करते हुए राजस्थान की धरती खाटू श्याम जी जा रहे हैं। इस बीच मंगलवार को हजारीबाग में श्याम भक्तों ने उनका भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात रात्रि विश्राम से पूर्व भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। सभी श्याम प्रेमी बाबा श्याम के अनेकों भजनों पर झूमते नजर आए। इस बीच बाबा श्याम का ज्योत भी लिया गया। उसके पश्चात उनका रात्रि विश्राम हजारीबाग मे हुआ और अगले दिन दोनो श्याम भक्त अपने निर्धारित स्थान की ओर अपना कदम बढ़ाए। हजारीबाग के श्याम प्रेमियों ने बताया कि यह बड़ा ही खुशी का विषय है कि रांची एवं जमशेदपुर से पदयात्रा करते हुए श्याम प्रेमी खाटू श्याम जी दर्शन करने जा रहे हैं जिनका स्वागत करने का सौभाग्य हम सभी को मिला। रांची एवं जमशेदपुर के श्याम भक्तों ने बताया कि बाबा की इच्छा और श्याम प्रेमियों के विषम सहयोग से हम सभी अपने-अपने निर्धारित स्थान से यहां तक पहुंचे हैं और आगे भी सफलतापूर्वक चलते हुए बाबा के दरबार में पहुंचेंगे।

# चिकित्सकों, मिठाई दुकानदारों, रेस्टुरेंट व पेट्रोल पंप संचालक ने दिया छूट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में मतदान 20 मई को संपन्न हुआ। 2019 के चुनाव के दौरान हजारीबाग लोकसभा में 61 प्रतिशत मतदान हुआ था। खबर मन्त्र ने रामगढ़ जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अभियान चलाया था। जिसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा और इस बार 63.66 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें सबसे अधिक 68.37 प्रतिशत मतदान रामगढ विधानसभा क्षेत्र में हुआ। खबर मन्त्र की पहल से प्रभावित होकर चिकित्सकों, व्यवसाइयों, ज्योतिषी, पेट्रोल पंप संचालकों आदि ने मतदान के लिए मतदाताओं के लिए छूट का एलान किया था, जिसे उन्होंने पूरा किया और मतदाताओं को छूट दिया। इस साल चुनाव में उपायुक्त की ओर से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई पहल किये गए।

## खबर मन्त्र ने लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की थी अपील

### मरीजों को मिली छूट: डॉ चंद्रा



थाना रोड स्थित सुकल्याणी हेल्थ सेंटर के संचालक डॉ के चंद्रा ने खबर मन्त्र की पहल पर मरीजों के लिए अस्पताल में 20 मई को छूट देने की घोषणा की थी। जिसे उन्होंने पूरा किया और मतदान के दिन जिस मरीज ने उंगली में स्याही का निशान दिखाया उसे छूट दिया।



**डॉ प्रज्ञा श्रीवास्तव ने महिलाओं का किया इलाज :** स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रज्ञा श्रीवास्तव ने भी मतदान के दिन उंगली में स्याही लगाकर पहुंची महिला मरीजों का इलाज किया।

### रेस्टुरेंट में दी गयी छूट : राहुल



रांची रोड स्थित रेनफोरेस्ट फैमिली रेस्टुरेंट के संचालक राहुल कुमार ने बताया कि जो भी मतदाता उंगली में स्याही का निशान लेकर रेस्टुरेंट पहुंचे उन्हें छूट दिया।

### दो दिन नि:शुल्क सेवा : मनोज



प्रसिद्ध ज्योतिषी मनोज मंडल ने मतदान के दिन मतदान में भाग लेनेवाले मतदाताओं को 21 और 22 मई को नि:शुल्क ज्योतिषीय सेवा दिया।

### खाद्य सामग्री में 10% छूट: विनोद



कन्हैया फ्लावर मिल और गणेश भंडार के संचालक विनोद कुमार साहू ने कहा कि जो भी मतदान उंगली में स्याही का निशान लगाकर पहुंचे उन्हें 10 प्रतिशत तक दी छूट।

### घड़ी में 30 प्रतिशत तक छूट: आलम



आलम अरमान टाइम लोहार टोला के संचालक मो आफताब आलम ने घोषणा किया था कि मतदान के दिन हमारे यहां ब्रांडेड और लोकल सभी तरह की घड़ियों में ग्राहकों को 20 से 30 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। जो भी मतदाता उंगली में स्याही का निशान लेकर आया उसे छूट दी।

### दवा में 10 % छूट : कोटेचा



गोला रोड स्थित जलाराम मेडिको के संचालक सुनील कोटेचा ने कहा था की खबर मन्त्र की पहल पर हमने उंगली में स्याही का निशान लगाकर दवा लेने पहुंचे लोगों को दवा की खरीद पर 10 प्रतिशत की छूट दी।

कालेवालय में ग्राहकों को 20 प्रतिशत की छूट दियाः श्याम सुंदर शर्मा

चट्टी बाजार स्थित राजस्थान कालेवालय के संचालक श्याम सुंदर शर्मा ने कहा था कि लोग पहले मतदान उसके बाद जलपान करें। उन्होंने कहा कि इसके बाद जो भी ग्राहक हमारे प्रतिष्ठान आकर उंगली में स्याही का निशान लकर आए उन्हें 20 प्रतिशत की छूट दी गई।

### आईकोनिक ब्यूटी पार्लर में 25 प्रतिशत दिया छूट : अनुराधा सिन्हा



आईकोनिक ब्यूटी पार्लर की संचालिका अनुराधा सिन्हा ने कहा था कि मतदान में महिला वोटरों की संख्या बढ़े इसको ध्यान में रखते हुए 20 मई को मतदान कर हमारे प्रतिष्ठान में आनेवाली महिलाओं को हमने 25 प्रतिशत छूट दिया।

### 10 लोगों को एक-एक लीटर पेट्रोल : मानिक

थाना चौक स्थित यमुनादास पेट्रोल एंड सप्लाई कंपनी के संचालक संतू भाई मानिक और वीरू भाई मानिक ने घोषणा की थी कि मतदान के दिन मतदान कर पंप आनेवाले पहले 10 लोगों को फ्री में एक एक लीटर पेट्रोल दी जाएगी। इस वादे को उन्होंने पूरा किया।

# तीन शराब तस्कर गिरफ्तार

## चौपारण के कई होटलों में परोसा जा रहा है अवैध शराब

- थाना प्रभारी ने टेंपो से लाखों रुपये का शराब किया जब्त
- सरकारी दुकान के कई कर्मी भी बिहार भेज रहें हैं विदेशी शराब

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चौपारण।** चौपारण के जीटी रोड के किनारे कई होटलों में अवैध शराब परोसा जा रहा है। इस तस्करी का बड़ा रैकेट का खुलासा तब हुआ, जब चौपारण के थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बड़े पैमाने पर एक टेंपो में भरा लाखों रुपये के शराब को जब्त किया। पुलिस ने तीन तस्करों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

गिरफ्तार युवकों ने चौपारण पुलिस को तस्करी को लेकर कई आश्चर्यजनक खुलासे किए। तस्करों ने पुलिस को बताया कि सभी शराब की पेटी चतरा मोड़ स्थित सरकारी दुकान का है। जहां से टेंपो में लोड कर जंगलों के रास्ते बिहार में तस्करी करने जा रहे थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरकारी दुकान के भी कई कर्मी बिहार के कई क्षेत्रों में बाइक से या चार पहिया वाहनों में लोड कर शराब का अवैध तस्करी में शामिल हैं।

गौरतलब हो कि पड़ोसी राज्य बिहार में शराब के खरीद बिक्री पर पूर्णरूपेण प्रतिबंध है। यहां तक की बिहार में शराब का सेवन करना भी कानूनी जुर्म है।

बिहार झारखंड के बॉर्डर पर स्थित चौपारण प्रखंड में एक दो नहीं, बल्कि छह सरकारी शराब की दुकान है और इन दुकानों के माल को तस्करी करते हुए अबतक एक नहीं दर्जनों बार चौपारण पुलिस ने जब्त चुकी है। फिर भी इन दुकानों पर उत्पाद विभाग मेहरबान रहती है। सरकारी प्रावधानों के मुताबिक सरकारी शराब के दुकानों को व्यक्तिगत रूप से सिर्फ काउंटर सेलिंग की ही अनुमति है। पर इससे उलट इन शराब के दुकानों से होटलों व कई दुकानदारों को भी शराब बेचने के लिए बड़े पैमाने पर एक बार माल दे दी जाती है। प्रखण्ड के कई होटल व लाइन होटल है जहां ग्राहकों से शराब के एमआरपी से 70- 80 रुपया अधिक वसूला जाता है। इन होटलों में ज्यादातर बिहार के युवकों का जमावड़ा लगा रहता है।

## एक नजर में

### कार्यकर्ताओं ने मनीष जायसवाल का किया स्वागत



**टाटीझरिया।** भाजपा के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का गिरिडीह जाने के क्रम में कार्यकर्ताओं ने टाटीझरिया और विष्णुगढ़ में जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें जीत की अग्रिम बधाई दी। कार्यकर्ताओं से जायसवाल ने कहा कि वे जनप्रतिनिधि बाद में सबसे पहले आपके भाई हैं। आपके द्वारा वोट रूपी आशीर्वाद जो मुझे मिला है,मैं उसके लिए आपका आभारी हूं। उन्होंने कहा कि मोदी जी के किए गए कार्य के बदौलत हम सबकी पहचान है। उन्होंने राष्ट्रहित के किए गए कार्यो से देश और दुनिया में अपनी और भाजपा की विशेष पहचान बनाया है। आम मतदाता उनके नाम पर हमें वोट देते हैं। उन्होंने कहा कि वे हमेशा जनता के बीच रहेंगे, संसद के कार्य के बाद हमेशा यहां के लोगों के बीच रहूंगा । सबके दुख -सुख में भागीदारी निभाऊंगा। मौके पर टाटीझरिया में मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह,संतोष मंडल, मिथिलेश कुमार पाठक,राजेश यादव,राजू यादव,अनिल सिंह,जितेंद्र मंडल,मिथिलेश सिंह ,विष्णुगढ़ में मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,सुनील मिश्रा,प्रभु विश्वकर्मा,तुलसी महतो,संतोष महतो,राजू श्रीवास्तव,निजामुद्दीन,अनूप कसेरा,अशोक कुमार,दीपक कुमार, बंटी कुमार,सुखदेव महतो,राजेंद्र यादव,महेंद्र साव,रंजित गुप्ता,युगल पांडेय,विवेक गुप्ता,रवि पांडेय,सुनील अकेला,सुमन देवी समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हाथियों का उत्पात सीसीटीवी कैमरे में कैद

**दारू।** पिछले एक महीने से दारू एवं सदर प्रखंड में हाथियों का उत्पात जारी है। सोमवार रात सदर प्रखंड के बनाहप्पा में स्थित मनोज साव की जमीन पर की गई बाउंड्री एवं गेट तोड़ने की तस्वीरें सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मनोज साव ने बताया कि मैने अपने जमीन के चारों तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाया है। वीडियो में एक बिछड़ा हाथी बाउंड्री के करीब आकर गेट को धक्का मार कर तोड़ते हुए अंदर घुस जाता है उसके बाद उसमें बने कमरे को भी तोड़ने की कोशिश करता है बाद में फसलों को बर्बाद करते हुए बाउंड्री तोड़कर बाहर चला जाता है जिससे हमारी काफी आर्थिक क्षति हुई है वन विभाग को इसकी सूचना मैंने दिया है उसके बाद विभाग ने आर्थिक भुगतान के लिए प्रक्रिया बताया। इसी रात्रि दारू प्रखंड के कवालु में स्थित तृप्ति राइस मिल की बाउंड्री को हाथियों ने जगह जगह पर तोड़ा। इस संदर्भ में मिल के मालिक प्रभात सिंह ने बताया कि हाथियों के झुंड से एक हाथी बिछडा हुआ है जो मेरे मिल के तीन जगहों पर बाउंड्री को तोड़ा है, काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। यदि हाथियों की दिशा को अपने कॉरिडोर में नहीं किया जाएगा तो इस तरह का तांडव अभी प्रखंड में लगातार जारी रहेगा।

### महादेव मंदिर के वर्षगांठ पर महाआरती

**बरही।** बरही प्रखंड परिसर स्थित मनोकामनेश्वर महादेव मंदिर का स्थापना वर्षगांठ मंगलवार को सम्पन्न हुआ। इस मौके पर सुबह सुबह मंदिर की साफ सफाई, संध्या में सिंगार पूजन, महाआरती, प्रसाद वितरण के पश्चात भजन कीर्तन भजन का आयोजन किया गया। उक्त बातें मंदिर के पुजारी शर्मा ने कही। मौके पर दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।

### बरही में खुला शिवाय फूड प्वाइंट




**बरही।** बरही पटना रोड स्थित भारत मेडिकल के बगल में शिवाय फूड प्वाइंट का उद्घाटन बुधवार को बरही पश्चिमी के जिप सदस्य प्रीति कुमारी व विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता एवं अन्य सामाजिक कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।संचालक भीम कुमार साव व कामेश्वर साव ने बताया कि फूड प्वाइंट में शुद्ध एवं अच्छी नाश्ता उपलब्ध है एक बार पधार कर सेवा करने का मौका दे। मौके पर नंदकिशोर कुमार, निरंजन केशरी, पिंटू केशरी, शीतल केशरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### हजारीबाग के कल्लू चौक में दो दुकानों में लगी आग

हजारीबाग। शहर के कल्लू चौक स्थित खुशनुमा श्रृंगार मालिक मो. शहीद रजा और मोहमद नवाज की स्मार्ट टेक्निकल सोल्युशन में मंगलवार रात करीब 12:00 बजे भीषण आग लगी। जिसमें दोनों दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। रात में ही आग लगने की सूचना वी-मार्ट के गार्ड ने दुकान मालिकों को फोन पर दी। दुकान मालिकों का कहना है कि कुछ भी नहीं बचा सब कुछ खत्म हो गया। हम लोग लोन पर सामान लाकर रोजी-रोटी कमाते हैं इस आग से हमारे पेट पर लात पड़ी हैं। दुकाने के मालिकों ने प्रशासन और नगर निगम से टैक्स में छूट देने की अपील की है।

# भुरकुंडा में जीत-हार पर चर्चा

- कई लोगों ने कहा- भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल और कांग्रेस उम्मीदवार जेपी पटेल में है सीधी टक्कर

**खबर मन्त्र संवाददाता**





भुरकुंडा (रामगढ़)। हजारीबाग लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अपने-अपने प्रत्याशियों के जीत हार को लेकर भुरकुंडा कोयलांचल में तर्क-वितर्क होता रहा। बुधवार को पटेलनगर भुरकुंडा में लोगों ने चाय की चुस्की लेते हुए कहा कि एनडीए के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल और इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल में सीधी टक्कर है। अपने-अपने प्रत्याशियों की दावेदारी का दंभ भरते हुए कांग्रेसी, भाजपाईयों सहित अन्य लोगों ने मनीष जायसवाल को तो कई लोगों ने जयप्रकाश भाई पटेल को विजयी होने का दावा ठोकते दिखे। कुछ लोगों को कहना था कि हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र में इस बार परिवर्तन होना चाहिए। परिवर्तन के बाद भी क्षेत्र का विकास नहीं हुआ तो अगली बार चुनाव में जनता मुंहतोड़ जवाब देगी। इधर कुछ लोगों का कहना था कि मोदी की लहर में एक बार फिर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल को मौका मिलना चाहिए। जीत के बाद उम्मीद है कि क्षेत्र का चौमुंखी विकास होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो अगली बार जनता परिवर्तन का मूड जरूर बनाएगी। अब तो कौन जीतेगा इसका फैसला 4 जून को चुनाव का परिणाम आने के बाद ही होगा। बहरहाल हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कुल 17 उम्मीदवारों का भाग्य का फैसला 20 मई को ईवीएम में कैद हो चुका है। रिजल्ट के लिए सबों को 4 जून तक इंतजार करना होगा।

### बुद्ध पूर्णिमा आज, हजारीबाग में होंगे कई कार्यक्रम

**हजारीबाग।** गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा है। इस मौके पर शहर में कई कार्यक्रम होंगे। मुकुंदगंज स्थित गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुद्ध जयंती सह वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कई वक्ता अपने विचार रखेंगे। वहीं बुलू इमाम के संस्कृति परिसर में बुद्ध पर लिखी किताब का लोकापर्ण किया जाएगा। अरण्यचारी बुद्ध झारखंड के जंगलों में बुद्ध के पदचिह्नों की तलाश इस किताब के माध्यम से की गयी है। यह बुलू इमाम की अंग्रेजी में लिखी पुस्कत का बांग्ला अनुवाद है। इस किताब को कोलकाता निवासी शांतनु बंद्योपाध्याय ने अनुवादित किया है। पुस्तक में बुद्ध सर्किट की झारखंड से जुड़े होने की बात का उल्लेख किया गया है। मंगलवार को हजारीबाग के आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से बुद्ध जयंती के अवसर पर बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालाया गया। प्रत्येक व्यक्ति में एक बाल बुद्ध बैठे हैं। महात्मा बुद्ध बनने से पहले वे राजकुमार सिद्धार्थ थे। बहुत छोटी उम्र में सिद्धार्थ समझ गए थे कि सबकुछ दुःख है। उनके हृदय में ज्ञान की इच्छा थी,वे ज्ञान के लिए भटक रहे थे। उन्होंने कहा था कि यह सारा संसार दुःख है और मैं इस दुःख से मुक्त होना चाहता हूं।

# बैकुंठ उत्सव में लगा संतों का जमावड़ा

- महामंडलेश्वर सुखदेव दास बोले- कश्मीर और कारगिल में भी फलाहारी बाबा ने दी सेवा
- फलाहारी बाबा ने अध्यात्मिक चेतना लायी : हरिशचंद्र सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चौपारण।** सिद्ध महंत फलाहारी बाबा के भू समाधि के द्वितीय वर्ष पर उनके शिष्यों द्वारा दो दिवसीय बैकुंठ उत्सव समारोह का समापन बुधवार को अखंड रामायण पाठ, पूजा, अभिषेक तथा हवन के बाद महाप्रसाद के वितरण के साथ संपन्न हो गया। उत्सव के दौरान बाबा की याद में पौधारोपण भी किया गया। इस उत्सव में साधु संतों तथा उनके शिष्यों का जमावड़ा बिगहा स्थित हनुमत मंदिर परिसर में लगा। इस आयोजन में निर्मोही अखाड़ा के महामंडलेश्वर परम पूज्य सुखदेव दास जी महाराज, इस्कॉन के धर्मगुरु तथा भक्ति वेदांता शिक्षालय के संस्थापक डॉ केशवानंद प्रभु, तारापीठ के सिद्ध खडेश्वरी बाबा, आचार्य बालमुकुंद पांडेय, ज्योतिषाचार्य शुभम पांडेय, हनुमत मंदिर के पुजारी कपिल पांडेय समेत 108 ब्राह्मण एवं सैकड़ों शिष्य के साथ क्षेत्र के बुद्धिजीवी, धार्मिक और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे। इस दौरान महंत फलाहारी बाबा के गुणों का वर्णन करते हुए उनके गुरु भाई निर्मोही अखाड़ा के महामंडलेश्वर सुखदेव दास महाराज ने कहा कि भक्ति से शक्ति, शक्ति से प्रकाश और प्रकाश से जनकल्याण होता है। महंत ने कश्मीर तथा करगिल में भी मंदिर में सेवा दी थी। हरिद्वार, प्रयागराज, अयोध्या सभी धाम में महंत ने सेवा दी। वे भक्ति के पर्याय थे। डॉ केशवानंद प्रभु ने कहा कि महंत के आशीर्वाद से ही आज बिगहा में नित्य दिन धार्मिक कार्यों का विस्तार हो रहा है। मौसी बाड़ी भी इसी मंदिर को बनाया गया है। तारापीठ के सिद्ध खडेश्वरी बाबा ने कहा कि साधु महंत के संगत से जीवन का कल्याण हो जाता है। फलाहारी बाबा ने इस क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना लाई जिससे युवावर्ग काफी प्रभावित हुआ। आज हनुमत सेवा संस्थान के युवा इसके उदाहरण हैं।

महंत फलाहारी उर्फ आलु बाबा बीते तीस सालों से भी अधिक समय से क्षेत्र में सेवारत रहे। इस दौरान भद्रकाली मंदिर, ईटखोरी में निवास कर सेवा और राम भक्ति के मिसाल बने। उन्होंने अपने जीवन काल में कई मंदिरों का निर्माण कराया। भद्रकाली मंदिर परिसर में राम मंदिर उन्हीं की देन है। बाद में चौपारण के मरहेडी में कात्यायनी मंदिर, बिगहा में हनुमान मंदिर, गढकाली मंदिर, शिव मंदिर आदि उन्हीं के सान्निध्य में उनके भक्तों ने बनायें। अपने जीवन के अंतिम कई साल उन्होंने अपने परम भक्त आनंद के साथ बिताए। बीते 2022 के 21 मई को उन्हें हनुमत मंदिर परिसर में ही भु समाधि दी गई। साथ ही श्री हनुमत सेवा संस्थान ने महंत फलाहारी बाबा की प्रतिमा स्थापित की व उनकी कुटिया को मंदिर का रूप दिया। यहां हर दिन सैकड़ों भक्त उनकी आराधना करने आते हैं। हर दिन उनकी आराधना,आरती की जाती है। उनके भक्त बाबा को काफी चमत्कारी मानते हैं। ऐसा माना जाता है कि उनकी सेवा में रहने वाले वालों के जीवन में काफी समृद्धि और खुशहाली आती है। मंदिर परिसर में समाजसेवी हरिश्चंद्र सिंह,मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, भुनेश्वर यादव, शंकर चंद्रवंशी, दुलार ठाकुर,बिनोद सिंह,संजय सिंह, कुमार राहुल, आनंद चंद्रवंशी,अंकित केशरी, संजय सिंह, रामचंद्र सिंह, मनीष सिन्हा, प्रेम चंद्रवंशी, पंकज चंद्रवंशी, नीरज चंद्रवंशी,ओम चंद्रवंशी समेत बडी संख्या में भक्त मौजूद थे।

# कांग्रेस 30 सीट अधिक लाकर हलचल मचा देगी

शेखर गुप्ता

भाजपा को अगर 30 सीट ज्यादा मिल जाती हैं तो भी उसकी ताकत और सरकार की गुणवत्ता पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। मगर उसे 30 सीट कम मिलती हैं तो इसके कई अहम परिणाम होंगे।

शेखर गुप्ता

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने देश में हो रहे आम चुनावों को लेकर एक अलग संकेत दिया है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की संभावित सीट की बात करने के बजाय कांग्रेस पार्टी को मिलने वाली सीट पर ध्यान केंद्रित किया है।

द प्रिंट को दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी को अगली सरकार बनाने के लिए केवल 125 सीट की आवश्यकता है जबकि भाजपा को कम से कम 250 सीट की जरूरत होगी।

आखिर उन्हें इतनी सीट कहां से मिलेंगी? यह किस तरह की कल्पना है? यह आलेख मैं लिखता हूं चैटजीपीटी नहीं, इसलिए आगे आपको कुछ कठिन बातें मिल सकती हैं। हम कभी किसी चुनाव का पूर्वानुमान नहीं लगाते। सीट का अनुमान तो भूल ही जाइए। रेड्डी की दलील है कि कांग्रेस के पास अब गठबंधन और उसका भरोसा है। भाजपा के पास दोनों नहीं हैं। हम यह बात भी शामिल कर सकते हैं कि इतिहास हमें बताता है कि 150 से कम सीट वाली पार्टी भी गठबंधन का नेतृत्व कर सकती है।

कांग्रेस को 2004 में भाजपा की 138 सीट के मुकाबले 145 मिली थीं और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की पहली सरकार बनी थी क्योंकि ज्यादा साझेदार कांग्रेस के साथ थे। एक बार फिर यह प्रश्न पूछना बनता है कि कांग्रेस में कोई नेता 125 सीट जीतने के बारे में सोच भी कैसे रहा है? आज के इस प्रश्न पर पारंपरिक तरीके से अलग हटकर भी विचार किया जा सकता है।

सबकी जुबान पर यही सवाल है कि आखिर कितनी सीट मिलेंगी? यहां भाजपा की सीट की बात की जा रही है। क्या उसे 370 सीट मिलेंगी।

नरेंद्र मोदी ने शुरूआत में यही लक्ष्य तय किया था और साझेदारों की 30 सीट के साथ मिलकर आंकड़ा 400 पार हो जाएगा। क्या यह आंकड़ा पिछले आम चुनाव के 303 के आंकड़े से 20-30 सीट कम या ज्यादा रहेगा? क्या पार्टी 272 के आंकड़े से नीचे रह जाएगी? यह वैसा ही है जैसे आपको पता हो कि क्रिकेट मैच कौन जीतेगा और आप केवल यह चर्चा कर रहे हों कि कितने रन या विकेट से जीत होगी।

अगर हम इस बहस को उलट दें और यह चर्चा करें कि हारने वाले का प्रदर्शन कैसा रहेगा तो? यह बात कांग्रेस और मोदी के आलोचकों को भड़काएगी। हम कांग्रेस को शीर्ष पर आते नहीं देख रहे हैं क्योंकि वह केवल 328 सीट पर लड़ रही है जो इतिहास में अब तक का सबसे कम आंकड़ा है।

कांग्रेस को 2014 और 2019 में क्रमशः 44 और 52 सीट पर जीत मिली थी जबकि भाजपा को 282 और 303 सीट मिली थीं। राज्य दर राज्य चुनावी लड़ाई को देखते हुए हम कह सकते हैं कि अगर भाजपा को 303 का अपना आंकड़ा बढ़ाना है तो इनमें से अधिकांश सीटें गैर कांग्रेस दलों-राकांपा, शिव सेना, आप, तृणमूल कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति, बीजू जनता दल और यहां तक कि द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम तथा आंध्र में वाईएसआरसीपी से आनी होंगी।

कांग्रेस के विरुद्ध पार्टी पहले ही अधिकतम सीट पर है। 2019 में जिन सीट पर दोनों दल आमने-सामने थे उनमें से 92 फीसदी पर भाजपा को जीत हासिल हुई थी। ऐसे में कांग्रेस के पास खोने को कुछ नहीं है।

अब समीकरण को उलट दें और यह सोचें कि कांग्रेस किन सीट पर जीत हासिल कर सकती है। उत्तर में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड तथा पश्चिम और दक्षिण में गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक में कांग्रेस ने लगभग सभी सीटें भाजपा के हाथों गंवा दीं।

इन राज्यों की 241 सीट में से कांग्रेस को केवल नौ सीट पर जीत हासिल हुई। अब पार्टी के पास खोने को कुछ नहीं है। पार्टी को ज्यादातर जीत उन जगहों पर मिली जहां भाजपा उसकी प्रतिद्वंद्वी नहीं थी। उदाहरण के लिए केरल और तमिलनाडु।

कांग्रेस अब जिन 328 सीट पर चुनाव लड़ रही है वहां उसकी प्रमुख प्रतिद्वंद्वी भाजपा है। इसका अर्थ यह है कि मोदी और भाजपा के अश्वमेध को रोकने की जिम्मेदारी भी उसी के कंधे पर है। वह यहां जो भी सीट जीतेगी, वह भाजपा को सीधा नुकसान होगा। जब 90 सीट ही पर्याप्त हैं तो उसे 125 सीट की जरूरत नहीं है। आइए समझते हैं।

अगर कांग्रेस 80 सीट पाती है तो भाजपा की सीट 2019 की तुलना में 25-30 तक कम हो जाएंगी। निश्चित रूप से भाजपा और उसके समर्थक कहेंगे कि उसे ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में लाभ होगा और वह वहां गैर कांग्रेसी दलों से सीटें छीनेगी। उनकी बात सही भी हो सकती है।

इसके उलट उद्धव ठाकरे, शरद पवार और तेजस्वी यादव के दलों के विरुद्ध भाजपा दबाव में हैं। कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि अगर कांग्रेस को 52 से 10 सीट अधिक मिलीं तो भाजपा की 10 सीट कम होंगी। अगर कांग्रेस 90 पर पहुंचती है तो काफी संभव है कि भाजपा 272 क आंकड़े से नीचे रह जाए। 100 सीट राष्ट्रीय राजनीति में हलचल मचा देंगी।

मैं यह नहीं कह रहा हूं कि ऐसा होगा या हो सकता है। मैं बस एक बुनियादी समीकरण पेश कर रहा हूं कि हारने वालों को सरकार बनाने के लिए जीतने वालों से कम की जरूरत है। इसे दूसरी तरह से देखते हैं।

भाजपा को अगर 30 और सीट मिलती हैं और वह 330 पर पहुंच जाती है तो इससे अगली सरकार की मजबूती पर कोई असर नहीं होगा। जबकि 30 सीट की कमी उसके लिए गंभीर परिणाम लाएगी।

कांग्रेस को 70 के ऊपर मिलने वाली हर सीट राष्ट्रीय राजनीति को दोबारा संतुलित करेगी। पार्टी चाहे जो भी दावा करे लेकिन ऐसा करना आसान नहीं होगा। खासतौर पर इसलिए कि इनमें से अधिकांश में उसे भाजपा को हराना होगा या कहें तो मोदी को हराना होगा। 2019 में दोनों दलों को मिले वोटों के अंतर को ध्यान में रखें तो यह काम आसान नहीं होगा। कांग्रेस अतिरिक्त 30 सीट कहां से लाएगी? क्योंकि अगर उसे हालात बदलने हैं तो कम से कम इतनी सीट की जरूरत होगी। पार्टी उन राज्यों पर नजर डालेगी जहां वह 2019 में भाजपा के हाथों ज्यादातर सीट गंवा चुकी है और अब वहां या तो वह गठबंधन कर चुकी है या उसकी राज्य सरकार हैं। कर्नाटक और तेलंगाना सबसे पहले आते हैं जहां पार्टी के पास 28 और 17 में से क्रमशः एक और तीन सीट ही हैं।

उसके बाद महाराष्ट्र क्योंकि भाजपा का गठबंधन टूटा हुआ है और कांग्रेस को ठाकरे शिव सेना के रूप में नया साझेदार मिल चुका है। अब हम हिंदी राज्यों पर आते हैं। बिहार में भाजपा का साझेदार कमजोर है जबकि कांग्रेस के साथ तेजस्वी हैं। झारखंड में भी साझेदार महत्त्वपूर्ण हैं।मध्य प्रदेश और राजस्थान पर कांग्रेस के दावों पर गौर करते हुए हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश की बात करें तो इन राज्यों की 22 में से कांग्रेस के पास केवल एक सीट है। भाजपा को यहां एक को छोड़कर सभी सीट पर 50 फीसदी से अधिक मत मिले। कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन हो चुका है। क्या यह गठबंधन और पुलवामा-बालाकोट जैसे जोश की कमी कुछ सीट पर असर डालेगी? खासकर हरियाणा में?अगर आप इस सूची पर दोबारा नजर डालें तो 30 सीट का इजाफा या उससे कुछ अधिक सीटें असंभव नहीं हैं। याद रहे कि मैंने इसके लिए संभावित शब्द का प्रयोग नहीं किया। जितना मैं जानता हूं, कांग्रेस 52 से कम सीट पर भी सिमट सकती है। भाजपा के बजाय कांग्रेस की सीट के बारे में अनुमान लगाना अधिक दिलचस्प है।

(साभार बिजनेस स्टैनर्डड)




**अगर कांग्रेस 80 सीट पाती है तो भाजपा की सीट 2019 की तुलना में 25–30 तक कम हो जाएंगी। निश्चित रूप से भाजपा और उसके समर्थक कहेंगे कि उसे ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में लाभ होगा और वह वहां गैर कांग्रेसी दलों से सीटें छीनेगी। उनकी बात सही भी हो सकती है।इसके उलट उद्धव ठाकरे, शरद पवार और तेजस्वी यादव के दलों के विरुद्ध भाजपा दबाव में हैं। कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि अगर कांग्रेस को 52 से 10 सीट अधिक मिलीं तो भाजपा की 10 सीट कम होंगी। अगर कांग्रेस 90 पर पहुंचती है तो काफी संभव है कि भाजपा 272 क आंकड़े से नीचे रह जाए। 100 सीट राष्ट्रीय राजनीति में हलचल मचा देंगी।अब समीकरण को उलट दें और यह सोचें कि कांग्रेस किन सीट पर जीत हासिल कर सकती है। उत्तर में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड तथा पश्चिम और दक्षिण में गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक में कांग्रेस ने लगभग सभी सीटें भाजपा के हाथों गंवा दीं।**

## मुस्लिम के पक्ष-विपक्ष में मोदी

हसन सुरूर

**उनकी** गहरी राजनीतिक सूझबूझ को देखते हुए यह मानना सही होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक टीवी इंटरव्यू में अपने इस दावे के खिलाफ होने वाली प्रतिक्रिया का अनुमान लगाया होगा कि उन्होंने 'हिंदू-मुस्लिम' नहीं किया। पहली नजर में, यह एक साहसी दावा था, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के चुनाव अभियान में 'अल्पसंख्यक तुष्टिकरण' (राजनीतिक तौर पर मुस्लिम तुष्टीकरण) पर हमले हावी रहे हैं, जिनमें से कुछ सबसे आक्रामक दावे उन्होंने खुद किए हैं।यह खास तौर पर दुस्साहसिक था, क्योंकि यह राजस्थान के बांसवाड़ा में 21 अप्रैल को दिए गए उनके विवादास्पद भाषण के महज कुछ हफ्ते बाद आया था।

भले ही उन्होंने सीधे तौर पर मुसलमानों का जिक्र नहीं किया, लेकिन जब इसे 'जिनके ज्यादा बच्चे हैं उनको बांटेंगे, घुसपैठियों को बांटेंगे' के साथ पढ़ा जाए तो यह मुसलमानों की ओर एक छिपा हुआ इशारा था। एक प्रमुख मुस्लिम बुद्धिजीवी ने, जो खुलकर सामने नहीं आना चाहते थे, कहाः 'भले ही बांसवाड़ा में उनके भाषण का कुछ हिस्सा अनुवाद में खो गया हो, लेकिन उससे सीधे-सीधे इनकार करना भी ठीक नहीं।' हालांकि, अपने एक टीवी इंटरव्यू में मोदी ने जोर देकर कहा, 'मैंने हिंदू या मुसलमान नहीं कहा। मैंने कहा है कि आपको उतने ही बच्चे पैदा करने चाहिए, जितने का आप पालन-पोषण कर सकते हैं। ऐसी स्थिति न बनाएं कि सरकार को मदद करनी पड़े।'जब उनसे पूछा गया कि क्या मुसलमान उन्हें वोट देंगे, तो उन्होंने कहा, 'मैं मानता हूं कि मेरे देश के लोग मुझे वोट देंगे। मैं जिस दिन हिंदू-मुसलमान करूंगा ना, उस दिन मैं सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रहूंगा। और मैं हिंदू-मुसलमान नहीं करूंगा। ये मेरा संकल्प है।'इस बीच, इस लेखक के लिए, इंटरव्यू का सबसे दिलचस्प और रोचक हिस्सा यह था कि मोदी ने पड़ोसियों, दोस्तों और सहकर्मियों के रूप में मुसलमानों के साथ अपनी निकटता को साबित करने के लिए किस हद तक प्रयास किया। उन्होंने कहा कि वे उन मुसलमानों के बीच पले-बढ़े हैं जो हिंदुओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर रहते थे और उन्होंने अपने शुरूआती वर्ष मुसलमानों के साथ तकरीबन रोज मिलते-जुलते थे, बातें किया करते थे।उन्होंने कहा, 'हमने सभी त्योहार एक साथ मनाए। ईद के दिन हमारे यहां खाना नहीं बनता था, इतना खाना आ जाता है हमारे मुसलमान पड़ोसियों से।'

उन्होंने याद किया कि मुहर्रम के दिन उन्हें और अन्य बच्चों को ताजिया जुलूसों में शामिल होने में बहुत मजा आता था। उन्होंने एक उत्साही मुस्लिम महिला पत्रकार रुबिका लियाकत से बातचीत में कहा, 'मैं ऐसे माहौल में पला बढ़ा हूं।' मोदी ने दावा किया कि गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मुसलमान नियमित रूप से उनकी सरकार की तरफ से उनके जीवन में सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए उन्हें धन्यवाद देते थे। गुजरात में हिंदू-मुस्लिम सौहार्द और आलोचकों के 'दुष्प्रचार' के बावजूद मुस्लिम समुदाय के उनके प्रति स्नेह के उदाहरण के रूप में मोदी ने अहमदाबाद के प्रसिद्ध मानेक चौक का उदाहरण दिया, जो सुबह सब्जी बाजार, दोपहर में सराफा बाजार और रात में व्यस्त स्ट्रीट फूड बाजार में तब्दील हो जाता है। उन्होंने इस क्षेत्र को इसके अनोखे मिश्रित चरित्र के कारण चुना।

'वहां सारे व्यापारी मुसलमान हैं और सारे खरीदार हिंदू हैं। दिवाली में वो खचाखच भरा रहता है।'सर्वे में पता चला कि मुसलमानों में मोदी के प्रति गहरी आस्था है। जब शोधकर्ताओं ने उन्हें मोदी के खिलाफ कुछ कहने के लिए उकसाया तो उन्हें चुप रहने को कहा गया। पीएम ने सर्वे के नतीजों के बारे में बताया, 'उन्होंने कहा मोदी के खिलाफ कुछ मत कहना, वरना बीवी रात को खाना नहीं देगी। वो इतने खुश हैं कि मोदी के कारण हमारे बच्चे स्कूल जा रहे हैं, उनका जीवन बन रहा है।'लगभग 90% मुस्लिम व्यापारी भी इसी विचार के थे। उन्होंने एक पेचीदा घटना भी सुनाई कि कैसे मुस्लिम महिलाओं का एक समूह उनसे मिलने आया था। उन्हें लगा कि वे किसी बात की शिकायत करने आई हैं। पीएम ने बताया, 'लेकिन उन्होंने कहा कि हम तो आपका अभिनंदन करने आए हैं। मैंने कहा कि मैंने तो कुछ नहीं किया। लेकिन उन्होंने कहा नहीं, आप की वजह से हमें नियमित और सस्ती बिजली मिल रही है।' उन्होंने विस्तार से बताया कि यह सब कैसे हुआ।इंटरव्यू में ऐसी कहानियों का इस्तेमाल किया गया, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि उनकी 'मुस्लिम विरोधी' छवि जमीनी हकीकत से कोसों दूर है। (साभार नभाटा)

## तकनीकी तंत्र: चुनावों में सामान्य नैरेटिव क्यों होते हैं नाकाम

**भारत** में 2017 के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के सर्वेक्षण में, केरल में सबसे अधिक 96 प्रतिशत साक्षरता दर दर्ज की गई थी और सबसे कम साक्षरता दर बिहार में 71 प्रतिशत थी।

भारतीय जनता पार्टी के लिए 2024 के चुनाव अभियान की एक बड़ी चुनौती यह है कि उसे विपक्षी दलों की ओर से प्रधानमंत्री पद का कोई ऐसा दावेदार नहीं मिल रहा है जिसके खिलाफ मोर्चा खोला जा सके। अगर ऐसा होता तब भाजपा को विपक्ष के प्रधानमंत्री पद के दावेदार के खिलाफ जोरदार तरीके से मुहिम छेड़ने में काफी आसानी हो जाती। वर्ष 2014 से ही भाजपा की लोक सभा की चुनावी रणनीति, एक व्यक्ति पर केंद्रित राष्ट्रपति शैली वाले प्रचार अभियान पर आधारित रही है। यह बेहद सामान्य रणनीति है लेकिन स्टार प्रचारक के होने का फायदा भी पार्टी को मिलता रहा है।

विपक्ष से जुड़े किसी ऐसे व्यक्ति के अभाव में सत्ता पक्ष के स्टार प्रचारक को मतदाताओं से स्थानीय मुद्दों पर बात करने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है, जबकि क्षेत्रीय दल कई स्पष्ट और भावनात्मक तर्क पेश करने में सक्षम हैं।

विपक्ष थोड़ा बेहतर तरीके से ऐसे संगठित है कि कई क्षेत्रीय दल अपने गढ़ में अच्छी टक्कर देने के लिए तैयार हैं और कांग्रेस भी द्विपक्षीय गठबंधन में कनिष्ठ साझेदार बनने के लिए तैयार है। इसी वजह से भाजपा के स्टार प्रचारक को वास्तविक मुद्दों के बजाय अक्सर निजी हमले का सहारा लेना पड़ रहा है।

मिसाल के तौर पर उन्होंने अपमानजनक लहजे में किसी एक



राज्य के मुख्यमंत्री के लिए दावा किया कि मुख्यमंत्री को जिले के मुख्यालय का नाम नहीं पता है और दूसरी क्षेत्रीय पार्टी को ह्यफर्जी बच्चाह्ल भी कह दिया।

आखिरी दो लोक सभा चुनावों के मुद्दे स्पष्ट और सामान्य थे जिसे भाजपा ने अच्छी तरह सोच-समझकर तैयार करते हुए पेश भी किया। वर्ष 2014 में इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया गया कि भाजपा के मुख्य उम्मीदवार ऐसे सुधारक हैं जो भ्रष्टाचार खत्म कर वृद्धि की रफ्तार बढ़ाएंगे। हकीकत चाहे जो भी हो लेकिन यह कथ्य (नैरेटिव) लोगों को बेहद भाया।

वर्ष 2019 में भी देश की सुरक्षा करने वाले जैसी बातें लोगों ने स्वीकार कीं। इसी वजह से भाजपा चुनावी लहर में दो बार जीतने में सक्षम रही। पार्टी की वोट हिस्सेदारी में वर्ष 2009 (22 फीसदी) और 2019 (37 फीसदी) के बीच 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई और इसकी सीटें भी 116 (वर्ष 2009) से बढ़कर 303 (वर्ष 2019) हो गईं।

वर्ष 2024 के चुनाव का सामान्य मुद्दा, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जुड़ा है और भाजपा इस स्थिति में नहीं है कि वह दावा कर सके कि उसके पास इसका कोई ठोस समाधान है क्योंकि पार्टी 10 साल से सत्ता में है और वह इन मुद्दों पर कोई सार्थक पहल करने में सक्षम नहीं हो पाई है।

भारत इतना विविधताओं और असमानताओं से भरा हुआ है कि इसे किसी सरल कथ्य या बयान से नहीं समझाया जा सकता। यहां दुनिया के किसी भी देश से ज्यादा मान्यता प्राप्त भाषाएं हैं। यहां की जलवायु तथा भौगोलिक दशाओं में भी काफी विविधता है। इसके अलावा आर्थिक और मानव विकास सूचकांक (ल्उक्र) में भी बड़ा अंतर है।

विविधता के मामले में इसकी केवल यूरोपीय संघ के साथ तुलना की जा सकती है जो एक महाद्वीप में फैले 27 अलग-अलग संप्रभु राष्ट्रों का समूह है। हालांकि यूरोपीय संघ भी भारत की तुलना में कम विविधता वाला है। वहां आर्थिक असमानता भी कम होने के साथ ही मानव विकास सूचकांक का दायरा भी कम है। असमानता मापने के लिए प्रति व्यक्ति आय और साक्षरता दर को आधार माना जा सकता है।

भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में बिहार (सबसे गरीब राज्य) की प्रति व्यक्ति आय लगभग 48,000 रुपये सालाना थी जबकि गोवा में यह सालाना लगभग 4.7 लाख रुपये थी जो देश के शीर्ष और सबसे निचले मानकों वाले राज्यों के बीच लगभग 10:1 के अंतर को दशार्ता है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रति व्यक्ति औसत आमदनी लगभग 1.48 लाख रुपये थी।

यूरोपीय संघ के देशों में बुल्गारिया सबसे गरीब है जिसकी प्रति व्यक्ति आय 16,900 डॉलर है वहीं लक्जमबर्ग सबसे अमीर है, जिसकी प्रति व्यक्ति आय 1,31,380 डॉलर है। यूरोपीय संघ की औसत प्रति व्यक्ति आय 36,000 डॉलर है। पूरे यूरोपीय संघ में साक्षरता दर करीब शत-प्रतिशत है।

भारत में 2017 के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के सर्वेक्षण में, केरल में सबसे अधिक 96 प्रतिशत साक्षरता दर दर्ज की गई थी और सबसे कम साक्षरता दर बिहार में 71 प्रतिशत थी।

इसी तरह जीवन प्रत्याशा, शिशु मृत्यु दर, कुल प्रजनन दर आदि में भी इतना ही बड़ा अंतर हैं। सिक्किम, नगालैंड, मिजोरम और केरल (प्रत्येक हजार में 5 से कम) में शिशु मृत्यु दर जर्मनी के बराबर है जबकि असम, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में शिशु मृत्यु दर 40 से ऊपर है जो लगभग सूडान के समान स्तर पर है।

इसका मतलब है कि राष्ट्रीय स्तर पर सामान्य कथ्य के अनुरूप की गई नीतिगत पहल ज्यादा उपयोगी नहीं होती है। उदाहरण के लिए पूरे भारत में शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए एक समान तरीके से बनाई गई योजना निश्चित रूप से बेतुकी होगी। कई मौजूदा कल्याणकारी योजनाओं में भी इसी तरह के बेतुकेपन की झलक मिलती है।

## सरकारी कर्मचारी, पार्टी पदाधिकारी, सांसद, नेता कई अंजाम वही, केजरीवाल एंड कंपनी में स्वैग से नहीं लात-घूंसों से स्वागत

अभिनय आकाश

मारपीट के आरोप इस पार्टी के ऊपर पहले भी लग चुके हैं। आज आम आदमी पार्टी के इतिहास पर नजर डालें तो पहले भी मारपीट के कलंक उनके ऊपर लग चुके हैं।

मुझे दिल्ली के लोगों की सेवा करनी है, मैं अकेला कुछ नहीं कर सकता। मैं बहुत छोटा आदमी हूं। साधारण सी वेशभूषा में खुद को परिभाषित करने के लिए न जाने कितनी बार इन शब्दों का इस्तेमाल किया होगा। आप का उदय आशा की किरण के समान था। एक समग्र दृष्टिकोण की कमी के कारण आज पार्टी जिस स्थिति में है वो निराशा का कारण बन गई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पहली बार भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन (2011) करते हुए तिहाड़ जेल गए थे। वर्तमान में वह भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले की वजह से उसी तिहाड़ से बेल पर बाहर हैं। वहीं इस दौरान उनके आवास पर 13 मई को हुई घटना ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सीएम हाउस में स्वाति मालीवाल के साथ हुई अभ्रदता का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। इसकी चपेट में केजरीवाल आ गए हैं। सवाल केजरीवाल की चुप्पी को लेकर है? एक तरफ एनसीडब्लयू की तरफ से नोटिस जारी कर केजरीवाल के पीए विभव कुमार को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। वहीं दूसरी तरफ साढ़े चार घंटे स्वाति मालीवाल के घर पर जाकर उनका बयान दिल्ली पुलिस की तरफ से दर्ज किया गया। फिर धारा 354, 506,509 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। एम्स में ले जाकर उनका मेडिकल कराया गया। लेकिन ये मामला बेहद गंभीर है। घटना के तीन दिन बाद अपनी चुप्पी तोड़ते हुए स्वाति मालीवाल ने एक्स पर लिखा कि मेरे साथ जो हुआ वो बहुत बुरा था। मेरे साथ हुई घटना पर मैंने पुलिस को अपना स्टेटमेंट दिया है। मुझे आशा है कि उचित कार्यवाही होगी। पिछले दिन मेरे लिए बहुत कठिन रहे हैं। जिन लोगों ने प्रार्थना की उनका धन्यवाद करती हूँ। जिन लोगों ने करेक्टर असैनिनेशन करने की कोशिश की, ये बोला की दूसरी पार्टी के इशारे पर कर रही है, भगवान उन्हें भी खुश रखे।

### संगीन मामलों में एफआईआर दर्ज

एफआईआर आईपीसी की धारा 308 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास) / 341 (गलत तरीके से रोकने के लिए सजा) / 354 बी महिला को निर्वस्त्र करने के इरादे से हमला या आपराधिक बल का प्रयोग / (506 आपराधिक धमकी के लिए सजा / 509 (शब्द, इशारा) या किसी महिला की गरिमा का अपमान करने के इरादे से किया गया कृत्य) के तहत दर्ज की गई है। एफआईआर की कॉपी से खुलासा हुआ है कि स्वाति मालीवाल को विभव कुमार ने सात से आठ थप्पड़ मारे, पेट पर वार किया। वो टेबल से टकराकर नीचे भी गिर गई। जिसको लेकर उनके सिर पर भी चोट आई। मालीवाल का एम्स ले जाकर मेडिकल करा लिया गया है। स्वाति मालीवाल की एक वीडियो फुटेज भी सामने आई जिसमें वो सही तरीके से चल भी नहीं पा रही हैं। पुलिस अब केजरीवाल के घर पर जाएगी और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला जाएगा।

### धक्के मारकर योगेंद्र यादव को किया गया बाहर

मारपीट के आरोप इस पार्टी के ऊपर पहले भी लग चुके हैं। आज आम आदमी पार्टी के इतिहास पर नजर डालें तो पहले भी मारपीट के कलंक उनके ऊपर लग चुके हैं। 2015 में योगेंद्र यादव, प्रशांत भूषण और अरविंद केजरीवाल के बीच भयंकर बवाल छिड़ गया था। पार्टी दो फाड़ हो चुकी थी। आम आदमी पार्टी ने नेशनल एग्जीक्यूटिव की मीटिंग बुलाई थी। इस मीटिंग में क्या कुछ हुआ था खुद योगेंद्र यादव ने बताया था। उन्होंने आरोप लगाया था की मीटिंग में बाउंसर बुलाए गए और नेताओं से मारपीट की गई। योगेंद्र यादव ने तब चीख चीखकर कहा था कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लोकतंत्र की हत्या हुई है। यहां मारपीट चल रही है। हमारे साथ नेशनल काउंसिल के मेंबर रमजान चौधरी है। इनको काउंसिल की मीटिंग में से घसीटकर बाउंसर ने लात मारी। उनकी हड्डी में चोट पहुंची है। धक्क-मुक्की हुई है, लोगों को मारा गया।

### चीफ सेक्रेटरी पर बरसाए गए लात और घूंसे

अरविंद केजरीवाल के मुख्य सचिव अंशु प्रकाश की पिटाई का प्रकरण आपको याद होगा। साल 2018 में मुख्य सचिव अंशु प्रकाश ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर पिटाई करने का आरोप लगाया था। इस मामले में ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान और देवली से विधायक प्रकाश जरवाल को तिहाड़ जेल की हवा भी खानी पड़ी थी। आरोप लगे थे कि अंशु प्रकाश पर केजरीवाल की मौजूदगी में उनकी पार्टी के विधायकों ने हमला किया था। इस मामले में सीएम और डिप्टी सीएम समेत कुल 13 आरोपी थे, जिनमें से 11 को बरी करने का आदेश कोर्ट ने दिया था। दरअसल, फरवरी 2018 में दिल्ली के मुख्य सचिव आईएएश अंशु प्रकाश ने आरोप लगाया था कि 19-20 फरवरी की दरम्यानी रात को उन्हें सीएम केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर एक बैठक के नाम पर बुलाया गया। इस बैठक में सीएम अरविंद केजरीवाल, डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और आप विधायक अमातुल्लाह खान समेत अन्य कई विधायक मौजूद थे। 1986 बैच के आईएएस अंशु प्रकाश ने अपनी शिकायत में कहा था कि उन्हें आप सरकार के लिए किए जाने विज्ञापन को लेकर एक मीटिंग में बुलाया गया था। अंशु प्रकाश ने आरोप लगाया कि इसी बैठक में उनके साथ आप विधायक अमानतुल्लाह खान समेत अन्य ने उन पर हमला बोला। अंशु प्रकाश ने आरोप लगाया कि उनके मुंह और सर पर कई घूंसे मारे गए।

स्वाती मालीवाल के साथ मार-पीट कोई नई व्यवस्था नहीं हैयह आपकी कुसंस्कृति है।

